## खबर संक्षेप

### बाइक सवार दंपत्ति से दो किलो गांजा किया जब्त

**ढीमरखेड़ा।** ढीमरखेड़ा पुलिस ने बाइक सवार दंपत्ति को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ढीमरखेडा के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ गांजा के व्यापार में लिप्त ग्राम गुंडा निवासी पति पत्नी के पास से 2 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा व घटना में प्रयुक्त मोटर सायाकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार गत दिवस ग्राम मारसिहूडी रोड तिराहा के पास मोटर साईकिल से दो व्यक्ति आवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर जा रहे है। इस बात की सूचना मिलने पर कमल प्रसाद लोनी पिता शिवप्रसाद लोनी 32 साल एंव श्रीमाति रिंकू बाई पति कमल प्रसाद 30 साल दोनो निवासी ग्राम गूंडा के कब्जे से 2 किलो मादक पदार्थ गांजा जप्त कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. मोहम्मद शाहिद, सउनि जयचंद उईके, आर. जागेश्वर कुंजाम, आर. पंकज सिंह आर रंजीत सिंह, महिला आर. दुर्गा शुक्ला का विशेष योगदान रहा।

### बाइक सवार के ऊपर कूदा चीतल, युवक घायल

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत देवरीभार गाँव में एक वन्य प्राणी चीतल ने बाइक सवार पर छलांग लगा दी। इस घटना सलैया प्यासी निवासी कोदू आदिवासी घायल हो गया। बताया जाता है कि जैसे ही चीतल उनकी बाइक के सामने कूदा उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें स्लिमनाबाद स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया गया है।

### धोखाधड़ी करने की शिकायत, कार्यवाही करने की मांग

**कटनी।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर पीड़ित लोगों ने नौकरी का झांसा देकर रुपए की ठगी करने के मामले में एनजीओ संचालकों पर कार्रवाई की पुलिस अधीक्षक से मांग की है। ठगी का शिकार हुए सुधाकर मिश्रा ने शिकायत में बताया कि तारेक वेलफेयर फाउडेशन एनजीओ के संचालक अनंत अग्रवाल, संजय बंसल ने कटनी कि राधिका होटल में मीटिंग और इंटरव्यू लिया। जिसमें डीबीएम, बीसी,, जीपीए और पीपी की नियुक्तियां की गई। वेतन भी निर्धारित किया गया। साथ ही डिजिटल पाइंट खुलवाया गया। जिसकी फीस 25 हजार रुपए निर्धारित की गई। उसमें ऑफर का प्रलोभन देकर 17 हजार रुपए कैंडिडेट से फीस ली गई। प्रलोभन दिया गया की उन्हें आठ हजार किराया, तीन सौ रुपए इंटरनेट का खर्चा दिया जाएगा। इस प्रलोभन में आकर 13 डिजिटल पाइंट खुलवाए गए। पीड़ितों ने बताया कि मार्च महीने में जबलपुर बुलाकर चेक दिया गया, लेकिन उसका भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है।

### खाद्य अमले ने खराब फलों को कराया गया नष्ट

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए बाजार में विक्रय हो रहे फ्रूट, फ्रूट जूस, आइसक्रीम, कोलड्रिंक वगैरह की जांच हेतु अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि इसी क्रम में खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा सूचना मिलने पर मंगलवार को बरगवां कटनी स्थित शीतल दास रमेश चंद्र फ्रूट कंपनी में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर गोडाउन के प्रभारी संचालक आयुष चेतवानी के समक्ष गोदाम के अंदर 2 कोल्ड स्टोरेज पाए गए। स्टोरेज की जांच के दौरान काफी मात्रा में लगभग 150 पेटी, सेवफल, अंगूर का स्टोर कर विक्रय के लिए पाया गया। जांच के दौरान कोल्ड स्टोरेज में रखे सारे फल सड़ी -गली स्थिति में पाये जाने पर संचालक की उपस्थिति में स्टोर से बाहर निकलवाया जाकर नष्ट कराने की कार्यवाही की गई ।

---

### पिलौंजी स्कूल पहुंचे कलेक्टर ने अभिभावकों से कहा बच्चों को प्रतिदिन भेजें विद्यालय, बच्चों से किया संवाद

# विद्यार्थियों को पुस्तकें की गई भेंट, मन लगाकर पढ़ने दी सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने ''स्कूल चलें हम अभियान'' के शुभारंभ कार्यक्रम में मंगलवार को आयोजित प्रवेशोत्सव मे जिले की शासकीय माध्यमिक शाला और हाई स्कूल पिलौंजी पहुंचकर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर स्वागत किया और पुस्तकें भेंट कीं। कलेक्टर ने प्रवेशोत्सव के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला पिलौंजी में आयोजित विशेष भोज में शामिल हुए और छात्र- छात्राओं के साथ पालथी लगाकर बैठे और दोपहर का भोजन किया। इस विशेष भोज मे पूड़ी, छोले की सब्जी, पुलाव, पापड़, अचार, सलाद, साबूदाना की खीर, उडद दाल के बडे जैसे स्वादिष्ट व्यंजन का छात्रों ने लुत्फ उठाया।

इस मौके पर डीईओ पी.पी.सिंह, तहसीलदार शिवभूषण सिंह, जनपद पंचायत कटनी के सीईओ प्रदीप सिंह, जिला परियोजना समन्वयक के.के. डेहरिया, प्राचार्य पिलौंजी हाई स्कूल जे.पी.कारपेंटर एवं पंच, सरपंच और छात्रों के अभिभावक मौजूद रहे।





कलेक्टर ने यहां पिलौंजी स्कूल मे आयोजित कार्यक्रम मे प्रवेशोत्सव के अवसर पर अभिभावकों का भी स्वागत किया और उनसे बच्चों को प्रतिदिन स्कूल अवश्य भेजने की गुजारिश की। कलेक्टर ने शासकीय माध्यमिक शाला पिलौंजी मे कक्षा पहली की छात्रा राशि और रश्मि यादव तथा कक्षा छठवीं की छात्रा शिवानी यादव का तिलक वंदन कर स्वागत किया और खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की समसझाइश दी।

पिलौंजी शासकीय हाई स्कूल पहुंचे कलेक्टर ने कक्षा 9वीं मे नवप्रवेशी छात्रा आराधना कोरी और नेंन्सी मौर्य को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम पर पाठ्य पुस्तकों का सेट भेंट किया। कलेक्टर ने छात्राओं से परीक्षा की तैयारियों के संबंध मे भी पूंछताछ की और अभी से परीक्षा की तैयारियों में जुट जाने की समझाईश दी। उन्होंने दसवी की छात्रों से भी संवाद किया और पूछा कि कैसी पढ़ाई चल रही है इस पर छात्रों ने कलेक्टर से पिछले साल की तर्ज पर मिशन -45 आधार बुकलेट और रैपिड 30 फाईनल की विषय वस्तु शीध्र उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इस मौके पर छात्रों ने कलेक्टर को बताया कि उनके सीनियर छात्रों ने बताया था कि पिछले साल इन्ही बुकलेट से तैयारी कर उन्होंने अच्छे अंक अर्जित किये थे। कलेक्टर श्री प्रसाद को शासकीय हाई स्कूल पिलौंजी के प्राचार्य ने बताया कि पिछले साल यहां का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम मात्र 59 फीसदी रहा। जबकि इस साल यहां का दसवी का परीक्षा परिणाम 74 फीसदी रहा। प्राचार्य ने इसका पूरा श्रेय मिशन आधार बुकलेट और रैपिड फाईनल के आधार पर कराई गई पढाई को दिया।

#### पिलौंजी हाईस्कूल मे बैठक

कलेक्टर श्री प्रसाद ने हाईस्कूल के कक्षा 10वी के परीक्षा परिणाम में और अधिक बेहतरी के लिए शाला प्राचार्य और शैक्षणिक स्टाफ के साथ डीईओ की मौजूदगी मे बैठक लिया। उन्होंने परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के संबंध मे शिक्षकों से सुझाव लिए। कलेक्टर ने कहा कि इस साल हम सभी अभी से ये प्रयास करें कि कटनी जिले के अधिक से अधिक छात्र प्रदेश की मैरिट सूची मे शामिल हो। उन्होने कहा कि इसके लिए स्कूल मे बेहतर पढ़ाई करने वाले टापर छात्र पर शुरू से ही विशेष नजर रखी जाए। इससे पढाई के प्रति छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्घात्मक भावना का विकास होगा। कलेक्टर ने कहा कि स्कूल मे मासिक, त्रैमासिक परीक्षाओं में टॉप करने वाले छात्रों को रेडक्रांस से 1 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी। कलेक्टर ने 1 अगस्त से मिशन आधार बुकलेट आधारित पाठयक्रम पर पढाई शुरू करने और शिक्षकों से कड़ी मेहनत करने की बात कही। कलेक्टर ने हाई स्कूल मे मनरेगा योजनांतर्गत खेल मेदान के निर्माण एवं विकास कार्य के निर्देश दिए।

#### ड्रेनेज लाईन ट्रीटमेंट का निरीक्षण

कलेक्टर श्री प्रसाद ने ग्राम पंचायत पिलौंजी के हनुमान तालाब पिपरहटा के जलग्रहण क्षेत्र को बढ़ाने की दृष्टि से ड्रेनेज लाईन ट्रीटमेंट करने के अपने दिये गए निर्देश के बाद मंगलवार को यहां औचक रूप से पहुंचकर इस कार्य का निरीक्षण किया। यहां मौजूद जनपद सीईओ प्रदीप सिंह ने बताया कि पन्द्रवे वित्त आयोग की 1.40 लाख रूपये की लागत से बनी इस संरचना से तालाब के सूखे रहने की समस्या समाप्त होगी और तालाब का पुर्नभरण हो सकेगा। कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक शाला पिपरहटा के स्कूल की बाउन्ड्रीवाल प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत बनवानें की स्वीकृति भी प्रदान की ।

---

### ग्राम नयाखेड़ा में 13 दिवसीय उद्यमी कृषि प्रशिक्षण आयोजित

## धान की श्रीविधि एवं अरहर की धरवाड़ विधि से कम लागत में अधिक उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र शासन ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित विकास खंड रीठी के दूरस्थ ग्राम पंचायत नयाखेड़ा मैं प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत मनरेगा में 100 दिवस कार्य कर चुके 35 महिला एवं पुरुषों को कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी के संचालक पवन कुमार गुप्ता की मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक तथा अनुपम पांडे के सहयोग से प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के क्रम में अनाज दलहन तिलहनी फसलों की खेती तथा धान की श्री विधि तथा



अरहर की धरवाड़ विधि से कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। शुष्क खेती तथा सिंचाई के अंतर्गत स्प्रिंकलर एवं 80 से 90 प्रतिशत पानी की बचत के लिए टपक सिंचाई के उपयोग को बतलाया गया। रोग नियंत्रण के लिए ट्राइकोडर्मा विरडी तथा कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए जैव उर्वरक दलहनी फसल के लिए राइजोबियम एक दलीय फसल के लिए एजेक्टोबेक्टर तथा सभी फसलों के लिए फासफेटिका से बीज उपचार भूमि उपचार तथा जड़कंद उपचार का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

सब्जियों की पौध तैयार करने के लिए नर्सरी प्रबंधन एवं औषधीय पौधों के विषय में बताया गया। नियंत्रित तापमान पर सब्जियों एवं फूलों की खेती के लिए पाली हाउस तथा कृषि के लिए उन्नत कृषि यंत्रों के अंतर्गत जुताई, बुवाई, निंदाई, गुड़ाई एवं कटाई गहाई के यंत्रों के उपयोग तथा कस्टम हायरिंग केंद्र स्थापित करने के लिए शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गई। पशुपालन से लाभ, गाय, भैंस एवं बकरी की नस्ल दुग्ध उत्पादन संतुलित पशु आहार विभिन्न रोग एवं उनके नियंत्रण तथा टीकाकरण चारा, बरसीम, ज्वार, बाजरा, मक्का एवं नेपियर घास से अधिक दुग्ध उत्पादन प्राप्त करने के विषय में बताया गया।

---

### भारत निर्माण कोचिंग में प्रवेश के लिए दिखा उत्साह



बड़वारा क्षेत्र के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए यहां 1 जुलाई से शुरू होने जा रही भारत निर्माण कोचिंग की बड़वारा इकाई में प्रवेश लेने के लिए उत्साहित छात्र - छात्राओं की भीड उमड़ पड़ी है। पहले ही दिन 186 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन फार्म प्राप्त किया है। जबकि यहां की भारत निर्माण कोचिंग में 50 छात्र-छात्राओं को ही प्रवेश दिया जाना है। कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर बड़वारा मे अल्ट्राटेक कम्यूनिटी वैलफेयर फाउंडेशन बिरला व्हाईट कंपनी के सहयोग से बड़वारा मे यहां के होनहार और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए नि :शुल्क कोचिंग शुरू की गई है। अब तक यहां 36 छात्र- छात्राओं ने अपने दस्तावेजों सहित पंजीयन फार्म जमा भी कर दिये है। नि :शुल्क कोचिंग में प्रवेश हेतु पंजीयन फार्म प्राप्त करने और जमा करने की अंतिम तिथि 27 जून निर्धारित है।

---

## महापौर ने पौधारोपण अभियान के लिए अधिकारियों की बैठक लेकर बनाई तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर प्रीति संजीव सूरी ने आगामी पौधारोपण तथा वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों हेतु नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करते हुए शासन के निर्देशानुसार अभियान की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की।जिसमें आगामी दो वर्षों में प्रस्तावित 5 लाख वृक्ष लगाने हेतु शहर के विभिन्न स्थानों को वृक्षरोपण हेतु चिन्हित करने जैसे नादियो एवं तालाबों के किनारे,माधव नगर से पन्ना मोड़ तक डिवाइडर एवं अन्य स्थानों पर वृक्ष लगाने तथा लक्ष्य की पूर्ति हेतु अभियान में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, शासकीय-अशासकीय संस्थाओं, एनजीओ इत्यादि को शामिल करने के साथ- साथ,



नागरिकों को पौधा लगाने का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक जन जागरूकता बढ़ाने के उपाय,साथ ही वृक्ष को संरक्षण देने, वृक्षारोपण में उपयोग होने वाली सामग्री, नीम, बरगद, गुलमोहर आदि वृक्ष को अभियान में लेने पर भी चर्चा की गई।उक्त अभियान के शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु महापौर द्वारा अधिकारियों को निगम में कार्यरत जल प्रदाय,अग्निशमन एवं अन्य विभाग के कर्मचारियों को उक्त अभियान में सम्मिलित करने हेतु निर्देशित किया।

महापौर प्रीति संजीव सूरी ने सभी नगरवासियों से अपील की है कि सभी अपने आस-पास के क्षेत्रों में रिक्त उपलब्ध शासकीय भूमि जो वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त हो ऐसे स्थानो का चयन कर नगर निगम को जानकारी उपलब्ध कराकर सहयोग प्रदान अवश्य करें।

---

### कटनी को जानों प्रतियोगिता में गायत्री रही विजेता

## कटनी जिले के प्राकृतिक एवं धार्मिक केंद्रों के बारे में जान रहा समूचा देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद की अभिनव पहल पर जिला प्रशासन द्वारा विगत 10 जून से एक बार पुनः प्रारंभ की गई ''कटनी को जानो'' ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से रोजाना ही कटनी के पर्यटक स्थलों सहित यहां के गौरवशाली इतिहास और वर्तमान की उपलब्धियों के बारे में संपूर्ण देश लगातार जान रहा है। साथ ही इस विषय पर आधारित 10 आसान प्रश्नों का जवाब देकर अपनी किस्मत आजमा रहे है। कटनी को जानों ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता दिन-व-दिन लोकप्रियता के नये शिखर को छू रही है। अब इसकी ख्याति जिले और प्रदेश की सीमाओं को पारकर देश की राजधानी दिल्ली तक पहुंच गई है।

#### अमिट छाप छोड़ रही प्रतियोगिता

कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद की विशेष पहल और जिला प्रशासन द्वारा के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता ने सोमवार को दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर लिया है। यह प्रतियोगिता संपूर्ण भारत वर्ष में कटनी के गौरवशाली इतिहास, परंपराओं, विविधताओं की एक अमिट छाप लोगों के मानस पटल पर छोड़ने में कामयाब हो रही है। उत्सव रूपी इस प्रतियोगिता में पूरे देश से काफी संख्या में प्रतिभागी रोजाना हिस्सा ले रहे हैं। शुक्रवार को आयोजित प्रतियोगिता को 886 लोगों के द्वारा देखा गया तथा 608 लोगों ने प्रतियोगिता में सहभागिता की।

#### धार्मिक केंद्रों से परिचित हुए प्रतिभागी

शुक्रवार 14 जून को आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जिले की आस्था और धार्मिक परंपरा के कुछ प्राचीन केंद्रों से साक्षात्कार किया। जिसमें तहसील बहोरीबंद के ऐतिहासिक पर्यटन एवं श्रद्धा का प्रसिद्ध स्थल पांचवी शताब्दी मे निर्मित मां कंकाली देवी मंदिर तिगवां तथा मंदिर की दीवारों पर भगवान विष्णु की उकेरी गई प्रतिमाओं से संबंधित जानकारी साझा की गई। इसके अतिरिक्त लघु फिल्म के माध्यम से ही जैन समाज का विशेष आस्था का केन्द्र बहोरीबंद स्थित श्री दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र में जैन समाज के 16वें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ की 16 फीट ऊंची प्रतिमा, एवं शिलालेख संबंधी ऐतिहासिक और रोचक जानकारियां प्रतिभागियों ने प्राप्त की और इससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिए।

कटनी को जानो क्विज प्रतियोगिता के पांचवे दिन 14 जून को आयोजित प्रतियोगिता के परिणाम आज सुबह 11 बजे घोषित किए गए। जिसमें पुष्पावती नगर बिलहरी की गायत्री सोनी ने प्रथम, राधिका सोनी पुरानी बस्ती कटनी ने द्वितीय और अदिती विश्वकर्मा नई दिल्ली की बी-193/35 गली नंबर 6 पर्वत्य अंचल लेबर चौक बरारी निवासी अदिति विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें क्रमशः दो हजार, पन्द्रह सौ एवं एक हजार की पुरस्कार राशि प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त हरैया निवासी ओम गुप्ता एवं धनवाही निवासी विक्रम लोधी ने भी एक- एक सांत्वना पुरस्कार जीते।

---

### जिपं सीईओ एवं अपर कलेक्टर ने समस्याएं निराकरण करने दिये निर्देश

## खदान में मरे जानवरों के तैर रहे शव, पानी में बदबू आने की दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्ट्रट कार्यालय के नवीन सभाकक्ष में मंगलवार 18 जून को जिले के दूर-दराज से पहुंचे लोगों ने जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत एवं अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। सीईओ जिला पंचायत ने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कराया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति शर्मा सहित डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी एवं विवेक गुप्ता ने भी लोगों की समस्यायें



सुनी, आवेदन लिए और समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 158 आवेदन आये। जनसुनवाई के दौरान रॉबिन्स टनलिंग एंड टेंचलेस टेक्नोलॉजी इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के ठेका श्रमिकों द्वारा अवगत कराया गया कि वे कंपनी मे वर्ष 2017 से कार्यरत है। कंपनी के द्वारा श्रमिकों की पिछले 6 वर्षो से काटी गई पी.एफ की राशि बैंक खातों मे जमा नहीं करने संबंधी जानकारी दिये जाने पर आवेदन को श्रम पदाधिकारी की ओर प्रेषित करते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

संजय कुमार जैन द्वारा मदन मोहन चौबे वार्ड डन कॉलोनी स्थित पुरानी खदान में मरे जानवारों के तैरने एवं पानी की निकासी न होने के कारण पानी से बदबू आने तथा आसपास के मकानों की बोरिंग के पानी में बदबू आने संबंधी आवेदन पर सुनवाई उपरांत अधिकारियों द्वारा खनिज विभाग एवं नगर निगम को संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करनें हेतु निर्देशित किया गया।

रामलाल पिता बुलुवा यादव निवासी ग्राम पडुवा द्वारा आय का कोई साधन न होने के कारण जीविकोपार्जन हेतु वृद्धावस्था पेंशन व बीपीएल कार्ड की सुविधा प्रदाय करने संबंधी आवेदन पर सुनवाई की जाकर तहसीलदार कटनी एवं सामाजिक न्याय विभाग को आवेदन की जांच कराते हुए नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान कताली चौधरी निवासी रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड द्वारा प्रस्तुत शासकीय जमीन पर अवैघ कब्जा कर आम रास्ता रोकने के कारण आवागमन में असुविधा होने संबंधी शिकायत पर सुनवाई उपरांत आयुक्त नगर निगम की ओर उचित कार्यवाही करने हेतु आवेदन प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान रामकुमार यादव निवासी ग्राम ढुढरी द्वारा भूमि का नक्शा सुधार किये जाने, नजमा बेगम पति मोहम्मद रियासत हुसैन अंसारी महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड द्वारा बीपीएल राशन कार्ड बनवानें, ग्राम बरही निवासी सुखनंदन चौधरी द्वारा पैतृक भूमि के बटवारा की कार्यवाही करावानें एवं तहसील ढीमरखेड़ा निवासी अधनिया बाई द्वारा पटवारी और आर.आई द्वारा अवैध कब्जा हटवानें की कार्यवाही करने सहित अन्य आवेदनों पर सुनवाई कर अधिकारियों को कार्यवाही करनें निर्देशित किया है।

---

## नियमों के विपरीत सोलर लाईट खरीदी पर 66 हजार की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भंडार क्रय नियमों के विपरीत क्रय की गई सोलर लाइटों के प्रकरण में ग्राम पंचायत खमरिया नं 2 जनपद पंचायत रीठी की श्रीमती सलमा बानो तत्कालीन सरपंच एवं तत्कालीन सचिव अमित ताम्रकार द्वारा वर्ष 2019 में एक नग सोलर लाइट क्रय की गई जिसकी अनियमित व्यय वसूली योग्य राशि 36000 नियत करते हुये एवं महीप सिंह तत्कालीन सरपंच , दिनेश चंद पटैल तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत उमरिया जनपद पंचायत रीठी एक नग सोलर लाइट क्रय की गई जिसकी अनियमित व्यय वसूली योग्य राशि 32000 नियत करते हुये तथा ग्राम पंचायत करहिया जनपद पंचायत रीठी के तत्कालीन सरपंच हरिलाल सिंह , कृष्णकांत शुक्ला तत्कालीन सचिव दो नग सोलर लाइट क्रय की गई जिसकी अनियमित व्यय वसूली योग्य राशि 66000 रूपए संबंधितों से राशि वसूली का निर्धारण करते हुये न्यायालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी द्वारा संबंधितों के विरूद्ध आदेश पारित किया गया है । पेशी के दौरान ग्राम पंचायत खम्हरिया न 2 के सचिव अमित ताम्रकार द्वारा अपने हिस्से की राशि 18000 जमा की गई इसी प्रकार तत्कालीन सरपंच ग्राम पंचायत उमरिया महीप सिंह एवं सचिव दिनेश चंद पटेल ने पेशी दौरान 32000 रू शासन के खाते में जमा कराई तथा करहिया नं0 1 तत्कालीन सरपंच एवं सचिव द्वारा राशि जमा नहीं की गई जिस पर धारार 92 के तहत प्रकरण दर्ज कर वसूली की कार्यवाही की जायेगी ।

## खबर संक्षेप

### खरेहटा गांव में भसुआ रेत से बनाया जा रहा पुल

**ढीमरखेड़ा।** जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जिर्री का आश्रित ग्राम खरेहटा मुख्यमार्ग से 5 किलोमीटर दूर शाहडार के जंगलों के बीच स्थित है। गांव तक पहुंचने के लिए कच्ची सड़क ही है जहां पर विभाग के द्वारा पुल का निर्माण लाखों रुपए की लागत से किया जा रहा है लेकिन मजे की बात यह है कि लाखों रुपए की लागत से बनने वाले पुल पर भसुआ रेत लगाई जा रही है जिससे पुल की गुणवत्ता दरकिनार है। ठेकेदार के उक्त कृत्यों को संरक्षण मिला हुआ है। लिहाजा ठेकेदार नियमों को ताक पर रखकर पुल का निर्माण करवा रहा है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों के द्वारा कलेक्टर अवि प्रसाद से आदिवासी ग्राम के विकास और पुल निर्माण की जांच करवाने की मांग की हैं। शिकायत में बताया गया कि ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से कार्य करवाया जा रहा है। पुल की ऊंचाई भी कम कर दी गई है जिससे बारिश के दिनों में पहली ही बारिश में पुल बहने की कगार में है। कुछ समय पूर्व समाचार प्रकाशन के बाद कार्यपालन यंत्री जी.एस.खटीक के द्वारा एसडीओ को निर्माण कार्य में सुधार और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये थे, बावजूद इसके पुल निर्माण में ठेकेदार के द्वारा भसुआ रेत व घटिया मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है।

### भगवान विष्णु वराह मंदिर से संबंधित होंगे प्रश्न

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर प्रारंभ की गई ''कटनी को जानो ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता'' के तहत मंगलवार 18 जून को कारीतलाई के राष्ट्रीय स्मारक व ऐतिहासिक तौर पर प्रसिद्ध स्थल भगवान विष्णु वराह मंदिर से संबंधित सवाल पूछे जाएगें। जिसका जवाब प्रतिभागी 18 जून मंगलवार की रात 12 बजे तक दे सकेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन की शासकीय वेबसाइट में उपलब्ध लिंक जाकर लघु वीडियो फिल्म देखी जा सकती है। क्विज़ के सवालों को भी 18 जून को रात 12 बजे तक ज़िला प्रशासन की वेबसाइट देखा जा सकेगा। ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के सवाल इसी लघु वीडियो फिल्म पर आधारित होंगे। जिसमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के राष्ट्रीय महत्व के स्मारक विष्णु वराह कारीतलाई के भगवान विष्णु के पांचवी सदी के स्थापित अद्भुत मंदिर, सहित विंध्य पर्वत माला मे बसे इस ग्राम मे कल्चुरी शासकों के कला केंद्र की जानकारी सहित देश विदेश की शोभा बने यहां के पुरावशेष एवं यहां पर स्थापित भगवान गणेश, भगवान विष्णु वराह एवं शिव पार्वती की प्रतिमाओं संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की जायेगी।

### लापता बालिकाओं को जबलपुर व भोपाल से किया दस्तयाब

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने लापता दो बालिकाओं को भोपाल और जबलपुर से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन, एडि एसपी डॉ संतोष डेहरिया, सीएसपी श्रीमती ख्याती मिश्रा के मार्गदर्शन में अपहत बालक/बालिकाओं की तलाश करने अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, दिनांक 17.06.2024 को जबलपुर से एक अपहत युवती को दस्तयाब कर कानूनी प्रक्रियाओं के पश्चात उनके परिवार को सुरक्षित सुपुर्द किया गया। उक्त घटना दिनांक 16.03.2024 की है, जब उक्त बालिका बिना बताए घर से बाहर चली गई थी। तत्कालीन समय में काफी तलाश की गई थी, किन्तु सफलता नहीं मिली। लगातार प्रयासों के बाद जबलपुर शहर से बालिका को दस्तयाब कर लिया गया। इसी प्रकार, एक अन्य प्रकरण में, दिनांक 15.06.2024 को एक और अपहत युवती बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। अथक प्रयासों के उपरांत, दिनांक 16.06.2024 को जिला भोपाल से उसे दस्तयाब कर लिया गया और कानूनी प्रक्रियाओं के पश्चात उनके परिजन को सुरक्षित सुपुर्द किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर के नेतृत्व में उनि प्रतीक्षा सिंह, सउनि राजेश सिंह, प्रधान आरक्षक कमलेश बैरागी, भुवनेश्वर बागरी और आरक्षक लोकेंद्र सिंह की अहम भूमिका रही।

---

### जन सुनवाई में पहुंचे कबाड़ एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की शिकायत

# कबाड़ की दुकानों को हटाने नोटिस पुनर्वास के लिए नहीं कोई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कबाड़ी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पदाधिकारियों का कहना है कि नगर निगम ने 56 कबाड़ दुकान संचालकों को नोटिस देकर रिहायशी इलाकों से कबाड़ दुकान हटाने के लिए कहा है। लेकिन, उनके पुनर्वास की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। मिशन चौक निवासी हाजी बकरुद्दीन ने कहा कि कबाड़ व्यवसाय से 15 से 20 हजार लोग जुड़े हुए हैं। अधिकांश तीन सौ चार सौ रुपए दिन कमाने वाले गरीब लोग हैं। उन्होंने कहा कि पूरे शहर के कबाड़ इकट्ठा किया जाता है। पूरे जिले में करीब 5 करोड़ का कबाड़ी व्यवसाय एक साल में होता है।



#### आग लगने पर उठाया सवाल?

कबाड़ का व्यापार करने वाले हाजी बकरुद्दीन ने बताया कि नगर निगम के अधिकारी कह रहे हैं कि बगैर ट्रेड लायसेंस के कारोबार किया जा रहा है, जबकि वर्ष 2018-19 से कोई भी ट्रेड लायसेंस जारी नहीं किया गया। शहर के अंदर पेट्रोल पंप, प्लास्टिक की दुकान, कपड़े की दुकान चल रही हैं, सिर्फ कबाड़ दुकान में आग लग सकती है ऐसा क्यों?

कचरा एकत्रित करने वाली कंपनी एमएसडब्ल्यू पर कबाड़ियों ने आरोप लगाया कि कंपनी कबाड़ एकत्रित करना चाहती है। इसीलिए कबाड़ दुकान संचालकों को हटाया जा रहा है। कबाड़ दुकान संचालकों ने मांग की है कि या तो उन्हें कबाड़ व्यवसाय के लिए स्थान दिया जाए, या फिर जहां उनकी दुकानें हैं वहां से नहीं हटाया जाए।

#### कबाड़ दुकान हटाने की मांग

एक ओर जहां कबाड़ दुकान संचालक दुकान को नहीं हटाए जाने की मांग कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर रिहायशी क्षेत्र में कबाड़ दुकान संचालित होने से क्षेत्र के लोगों को परेशानी भी हो रही है। रामकृष्ण परमहंस वार्ड निवासियों ने जनसुनवाई में शिकायत देकर बताया है कि उनके कॉलोनी के मुख्यद्वार पर कबाड़ की दुकान है। पिछले दो वर्षों से कबाड़ का व्यवसाय किया जा रहा है। दुकान के आसपास अतिक्रमण किया गया है। रास्ते में कचरा, गंदगी, लोहा, प्लास्टिक फैला रहता है। कबाड़ खरीदी और बिक्री से आसामाजिक तत्वों की आने-जाने चोरी की घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। क्षेत्र की अनीता परौहा सहित अन्य महिलाओं ने रिहायशी क्षेत्र से कबाड़ दुकान हटाने की मांग की है।

---



# अवैध शराब ले जाते बाइक सवार हादसे का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रीठी थाना क्षेत्र में बायपास में अवैध शराब ले जा रहे बाइक सवार सड़क हादसे का शिकार हो गए। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल होने के कारण दोनों बाइक सवार युवक घटनास्थल पर ही शराब छोड़कर भाग गए। अवैध शराब परिवहन में लिप्त दोनों घायल युवकों को शराब ठेकेदार के द्वारा इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। घटना के बाद क्षेत्र के विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं सहित सरपंच संघ के लोग जमा हो गए। रीठी बाई पास मे अवैध शराब का परिवहन करते लोग घटनास्थल पर ही शराब छोड़कर भाग गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शराब जप्त करते हुए अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ की। बताया जाता है कि हादसे में दो लोगों को गहरी चोटें आई हैं जिन्हें रीठी अस्पताल ना ले जाकर कटनी ले जाया गया है। घायलों को एक वाहन में बैठाकर शराब ठेकेदार के लोग चले गए। घटना के काफी देर बाद तक स्थानीय लोग रीठी अस्पताल में घायल के पहुंचने का इंतजार करते रहे लेकिन वहां घायल को लेकर शराब ठेकेदार के लोग नहीं पहुंचे। इस मामले को लेकर जब पुलिस से बातचीत की गई तो पुलिस ने बताया कि जिन लोगों को चोटे आई हैं वह शराब ठेकेदार के ही लोग हैं और शराब दुकानदार के द्वारा घायलों को कटनी अस्पताल पहुंचाया गया है जहां पर उनका इलाज चल रहा है। इस पूरे मामले में पुलिस ने शराब जप्त करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

---

**विद्यार्थियों का तिलक वंदन कर मनाया गया प्रवेशोत्सव**

# निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का आज होगा वितरण, किया गया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़सा में स्कूल चलो अभियान के तहत प्रथम दिवस में प्रवेश से वंचित छात्रों से सम्पर्क कर उन्हें शासकीय विद्यालयों में लड्डू खिलाकर व तिलक लगाकर प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी छात्रों को दिखाया गया।

विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य देवेंद्र जायसवाल ने बताया कि शासकीय विद्यालयों में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें,निःशुल्क साइकिल वितरण योजना अंतर्गत सायकिल प्रदान की जाती हैं, शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को छात्र वृत्ति भी प्रदान की जाती है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़सा में परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट आने के कारण समस्त छात्र छात्राओं से आग्रह है की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़सा में प्रवेश लें। प्रवेशोत्सव कार्य क्रम तीन दिन तक जारी रहेगा। आज बुधवार को



निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की जाएंगी। प्रवेशोत्सव के दौरान एस.एम.सी. अध्यक्ष रविंद्र सिंह , भूतपूर्व सैनिक उदयराज सिंह, विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य देवेंद्र जायसवाल उपस्थित रहे।

#### भुड़सा में मनाया प्रवेशोत्सव

भुड़सा शास माध्य शाला भुड़सा में स्कूल चलें अभियान के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2024-25 मनाया गया। इसमें कई विद्यार्थियों एवम उनके पालकों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया, इस कार्यक्रम से बच्चों और पालकों को शैक्षिक जागरूकता संबंधी जानकारी प्रदान की गई एवम इसके प्रति उनको प्रोत्साहित किया गया, जिससे नामांकन की संख्या को अधिक से अधिक बढ़ाया जा सके। शाला प्रभारी संजय सिंह राजपूत, श्रीमति यशोदा कोरी, सत्यव्रत शर्मा, एस.एम.सी अध्यक्ष मनीष गर्ग एवम स्व सहायता समूह के सदस्यों द्वारा सहभागिता प्रदान की गई।

---

## कन्या शाला में विद्यार्थियों का मनाया प्रवेशोत्सव



मंगलवार को शासकीय प्राथमिक कन्या शाला मुरवारी में हर्ष उल्लास के साथ प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें एसएमसी अध्यक्ष जनपद सदस्य एवं शाला समस्त स्टाफ द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर व मीठा खिलाकर स्वागत किया गया। प्रवेश उत्सव के दौरान जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों, शिक्षक एवं साथियों की सहभागिता सराहनीय रही। दीपू ज्योति बैरागी जनपद सदस्य, श्रीमती रोशनी कुर्मी अक्षर साथी सिया काछी अक्षर साथी, सुशील पटेल जन शिक्षक श्रीकांत त्रिपाठी जन शिक्षक पिंकी काछी एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती रजनी काछी प्रभारी शिक्षका संगीता काछी शिक्षका संगीता मरावी अर्चना असाटी सत्येंद्र काछी शिक्षक श्री अजय कुमार पटेल प्रभारी शिक्षक शासकीय प्राथमिक कन्या शाला मुरवारी की उपस्थिति रही।

---

# कलेक्टर ने 3 आदतन अपराधियों को 6 माह की अवधि के लिए किया निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद ने गंभीर आपराधिक कृत्यों में लिप्त जिले के तीन आदतन अपराधियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए कटनी जिले की राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिए निष्कासित कर दिया है। कलेक्टर ने तीन आदतन अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर किया है। जिला दंडाधिकारी ने दुर्गेश निषाद उम्र 24 वर्ष निवासी जगमोहन दास वार्ड कटनी के विरुद्ध वर्ष 2019 से मार्च 2024 तक कुल 7आपराधिक प्रकरण दर्ज होने और क्षेत्र में गुंडागर्दी, गाली-गलौज, अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के लोगों को जातिगत रूप से अपमानित करने जैसे मामलों और दुर्गेश के आचरण में सुधार नहीं होने के कारण लोक शांति के नजरिए से जिले की सीमाओं से 6 माह के लिए निष्कासित किया है। इसी प्रकार राजेश यादव उम्र 26वर्ष निवासी पटना थाना बाकल के विरुद्ध बाकल थाना में आबकारी एक्ट के 6प्रकरण दर्ज है। इसलिए राजेश को भी 6 माह के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कासित किया गया है। कलेक्टर ने अतुल उर्फ विकास वंशकार उम्र 20 वर्ष निवासी झर्रा टिकुरिया फारेस्टर वार्ड थाना रंगनाथ नगर के विरुद्ध वर्ष 2021 से वर्ष 2023 तक 4 मामले पंजीबद्ध हुए हैं।

इन तीनों अपराधियों के आचरण में सुधार नहीं होने और क्षेत्र की शांति भंग होने की संभावना के मद्देनजर इन्हें कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कासित कर दिया है।

जिला दण्डाधिकारी ने तीनों अपराधियों क्रमशः दुर्गेश निषाद, राजेश यादव और अतुल उर्फ विकास वंशकार के आपराधिक कृत्यों को देखते हुए मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये इन तीनों व्यक्तियों को कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिये निष्कासित किया है। निष्कासन अवधि में कलेक्टर न्यायालय में लिखित अनुमति के बिना उल्लेखित क्षेत्र में प्रवेश न करें। लेकिन यदि इन तीनों के विरूध्द कोई प्रकरण कटनी जिले के किसी दाण्डिक न्यायालय में चल रहा है तो वह नियत पेशी पर न्यायालय में उपस्थित हो सकेगा।

---

**सवा सौ विद्यालयों में अधिकारी लेंगे बच्चों की क्लास**

# जिले के सभी विद्यालयों मे भविष्य से भेंट कार्यक्रम का कल होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्कूल चलें हम अभियान 20 जून तक आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन 20 जून को प्रदेश की समस्त शासकीय शालाओं में विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु जनसमुदाय की सहभागिता एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध प्रभावशाली एवं सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक के रूप मे एक कालखण्ड के शिक्षण हेतु निर्देशित किया गया है।

#### बेहतर भविष्ट बनाने प्रेरित

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले मे स्कूल चलें हम अभियान को जन आंदोलन का रूप देने 18 से 20 जून तक जिले की सभी शासकीय शालाओं में जनसमुदाय की सहभागिता से ''भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए है। विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रभावशाली, प्रबुद्ध एवं सम्मानित व्यक्तियों को प्रेरक की भूमिका में आमंत्रित कर विद्यार्थियों से उनकी भेंट आयोजित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिया है। ताकि विद्यार्थियों को वे अपने अनुभवों से अवगत कराते हुए उन्हें बेहतर भविष्य गढने हेतु प्रेरित कर सकें।

#### 129 अधिकारियों को दी गई जवाबदेही

जिले के सभी अधिकारी एक दिन के लिए जिले की चिन्हित शासकीय शालाओं में शिक्षक बनकर बच्चों को पढ़ाते नजर आएंगे। यह पहल राज्य शासन द्वारा स्कूल चलें हम अभियान के तहत शिक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और जन अभियान के रूप में बदलने के उद्देश्य के मद्देनजर की जा रही है। इसके साथ ही 20 जून को जिले के सभी विभागों के अधिकारी आबंटित विद्यालयों में उपस्थित होकर एक पीरियड अध्यापन कार्य कराएंगे। इस हेतु कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा 129 अधिकारियों का चयन कर सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश जारी कर स्कूल आबंटित किए हैं। उल्लेखनीय है कि भविष्य से भेंट कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल चलें हम अभियान को अधिक प्रभावी बनाते हुए जन अभियान के रूप में परिणित किया जाएगा। कलेक्टर श्री प्रसाद ने सभी संबंधित अधिकारियों से इसे सफल बनाने और बेहतर क्रियान्वयन करने निर्देशित किया है।

#### विद्युलयों में होंगी विभिन्न गतिविधियां

स्कूल चलें हम अभियान को जन आंदोलन में परिणित करने के उद्देश्य से प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा अनुरूप मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में 18 से 20 जून तक भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले की समस्त शासकीय शालाओं में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें उक्त दिवस शालाओं में एसएमडीसी, एसएमसी की विशेष बैठक एवम् अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की जाएगी।

---

### प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी मे मिली 20, 15 और 10 हजार की राशि

# कलेक्टर ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने वालों को नगद राशि से किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने मंगलवार को जिले में लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ानें में दिये गए योगदान के लिए उस मतदान केन्द्र के बी.एल.ओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सचिव और ग्राम रोजगार सहायकों व वार्ड दरोगा को नगर राशि से पुरस्कृत किया है जिसके तहत लोकसभा निर्वाचन में मतदान केन्द्रों पर सर्वाधिक मतदान प्रतिशत एवं मतदान केंद्र में पूर्व के मतदान के प्रतिशत मे 10 प्रतिशत या उससे अधिक की वृद्धि होने पर उस मतदान केन्द्र के बी.एल.ओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सचिव और ग्राम रोजगार सहायकों व वार्ड दरोगा को तीन वर्गो में ग्रामीण और नगरीय निकायों को मिलाकर कुल एक लाख 80 हजार रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान किया जाना निर्धारित किया गया था।

पुरस्कार राशि वितरण अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिशिर गेमावत मोजूद रहे।

नगरीय क्षेत्र अंतर्गत जिन कर्मचारियों को



सम्मानित किया गया उनमें मतदान केन्द्र क्रमांक 153, मध्य रेल्वे उच्च शास.मा.शा.न्यू कटनी में जितेन्द्र सिंह, बी0एल0ओ0, सुश्री सरोज गौड़, आगनबाड़ी सहायिका, सुशील तिवारी सहा.रा.नि., संतोष बिरहा, वार्ड दरोगा का नाम शामिल है। इस प्रकार मतदान केन्द्र क्रमांक 210 उच्चतर माध्यमिक शाला भवन ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के डी0एन0सिंह, बी.एल.ओ., ईदरीश खान वार्ड दरोगा का नाम शामिल है।

ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत जिन कर्मचारियों को सम्मानित किया गया उनमें मतदान केन्द्र क्रमांक 220 प्राथमिक शाला कछगवां के अविनाश वैरागी बीएलओ, श्रीमती मुन्नी बाई पटेल ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता, इंदल पटेल सचिव, और अम्बुज यादव ग्राम रोजगार सहायक का नाम शामिल है।

लोकसभा निर्वाचन के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने वाली टीम के जिन सदस्यों को सम्मानित किया गया है उनमे मतदान केन्द्र क्रमांक 265 प्राथमिक शाला भवन भरोली की श्रीमती रीनू सिंह सचिव, हरिशंकर विश्वकर्मा ग्राम रोजगार सहायक, संजय गर्ग बीएलओ, श्रीमती गीता पटेल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, श्रीमती कौशल्या बाई गोंड़ आशा कार्यकर्ता शामिल है। इसके अलावा मतदान केन्द्र क्रमांक 49 आंगनबाड़ी केन्द्र घिराखुर्द में चंदूलाल रैदास, सहायक अध्यापक जिला शिक्षा केन्द्र रीठी, मोहन लाल पटेल सचिव धनिया, अनिल चौधरी पटवारी एवं श्रीमती बनारकली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र के साथ नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाकर आगामी निर्वाचन में और बेहतर कार्य करने की शुभकामना दी गई।

इस अवसर डॉ0 मृगेन्द्र सिंह, जागेश्वर पाठक, प्रभारी अधिकारी स्वीप नगर निगम, जग्गी पटेल प्रभारी अधिकारी स्वीप जनपद पंचायत कटनी, नरेन्द्र रूपेरिया, विवेक दुबे, घनश्याम मिश्रा डीपीएम, शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी आदि उपस्थित रहे।

---

# मिलीभगत से गांव-गांव बेरोकटोक चल रहीं पैकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत उमरियापान, रामपुर, खमतरा, सिलौड़ी में अंग्रेजी-देशी शराब दुकान ठेकेदारों के द्वारा आसपास के गावों में अपने गुर्गो के द्वारा धड़ल्ले से बेखौफ होकर शराब की पैकारी चलवाई जा रही है। जिसमे विभागीय अधिकारियों के साथ ही क्षेत्र का सरकारी अमला भी ठेकेदार के इशारे पर नाच रहा है। सूत्रों ने बताया कि उमरियापान कलारी से दर्जनों गांवों में पैकारी का संचालन करवाया जा रहा है। तो वहीं ढीमरखेड़ा के पिड़रई, देवरी , सनकुई , झिन्ना पिपरिया, पोड़ी खिरवा, रामपुर, ढीमरखेड़ा, बांध, मुरवारी, अंतर्वेद, दशरमन, ठिर्री, बिहरिया में जोरों से शराब का विक्रय करवाया जा रहा है।

ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत शराब दुकान ठेकेदारों के द्वारा अपने गुर्गो के द्वारा पैकारी का कार्य कराया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार बोलेरो वाहन से ठेकेदार के गुर्गे गावों में शराब की खेप को पहुंचाने का काम बिना किसी खौफ के करते है और विरोध करने पर दबगई कर मामले को रफा दफा करते है। गाँव गाँव सरलता से उपलब्ध हो रही शराब ने ना सिर्फ घरो में कलह को बढ़ाने का कार्य किया है बल्कि साथ ही साथ अपराधों के आंकड़ों में भी बढ़ोतरी का कारण भी बन गया है।

सूत्रों के अनुसार शराब दुकान के संचालन और क्रियान्वयन की देखरेख करने वाले जिले के अधिकारियों की शराब दुकान के ठेकेदार पर मेहरबानी ने शराब ठेकेदार के हौसलों को बढ़ाने का कार्य किया है और यही वजह है की बिना किसी कानूनी कार्यवाही के डर के ठेकेदार वाहनों में शराब की खेप पहुंचाई जा रही है। अधिकारियो के संरक्षण में मनमानी चल रही है।

## खबर संक्षेप

### शस्त्र लायसेंस पुनः बहाल

**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की चुनाव प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के बाद निलंबित किये गये सभी शस्त्र लायसेंसधारियों के शस्त्र लायसेंस कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर द्वारा पुनः बहाल कर दिये गये है। ज्ञातव्य है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा की दृष्टि से जिले के समस्त शस्त्र लायसेंसधारियों के शस्त्र लायसेंस चुनाव प्रक्रिया के पूर्ण होने तक की अवधि तक के लिये निलंबित किये गये थे।

### हिंदवी स्वराज्य 350 वां वर्ष का समापन कार्यक्रम आज

**दमोह।** हिंदवी स्वराज्य 350 वां वर्ष आयोजन समिति संयोजक विक्रम साहू ने बताया कि वर्षों की पराधीनता के पश्चात छह जून को छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा हिंदवी स्वराज्य की स्थापना की गई थी। इस गौरवपूर्ण घटना के 350 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजन समिति द्वारा वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की इसी श्रृंखला के समापन कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन दिनांक 19 जून 2024 को स्थानीय मानस भवन, अस्पताल चौराहा पर शाम 5 बजे होगा। जिसमें मुख्य अतिथि ए के सिंह, मुख्य वन संरक्षक सागर, मुख्य वक्ता राजेश शर्मा प्रांत संयोजक हिदवी स्वराज्य आयोजन समिति रहेंगे। उक्त आयोजन में सभी दमोह वासी, गणमान्य नागरिक, प्रबुद्ध नागरिक सादर आमंत्रित हैं।

---

कुछ दिन पहले हो चुकी शिकार की घटना फिर भी जिम्मेदार नहीं कर रहे कार्रवाई

# टाइगर रिजर्व के कोर जोन में वनकर्मियों की मिलीभगत से धड़ल्ले से हो रहा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

तीन जिले की सीमा में फैले हुए 21 बाघों सहित जंगली जानवरों से आबाद प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के नौरादेही वन परिक्षेत्र पुरेना चौकी में हरा भरा जंगल काट कर वन माफियाओं द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है, जिससे मूक वन्य प्राणियों के आवास एवं भोजन का संकट पैदा हो गया है वन अमले की निष्क्रियता के चलते वन्य प्राणी आवास एवं भोजन की तलाश में यहां वहां भटकते हुए आसपास के गांव की ओर पलायन करने पर मजबूर हैं जिससे आए दिन उनका शिकार होता रहता है। वहीं वन अधिकारियों की अनदेखी के चलते वन क्षेत्र के आसपास शिकारी गिरोह भी सक्रिय हैं। कुछ दिन पूर्व ही घटित हुई शिकार की घटना में भी वन विभाग के कुछ कर्मचारी संलिप्त पाए गए थे और शिकारी खुलेआम घूम रहे हैं बता दें कि शिकार वाले स्थान के कुछ ही दूरी पर जंगल में अतिक्रमण होना विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगता है। जंगल की सीमा के पास ही कई ईट- भट्टे लगे हुए है, जिनमे जंगल से कटकर गीली लकड़ी लगाई जा रही है। एक ओर जहां शासन करोड़ों रुपया खर्च कर टाइगर रिजर्व बना रही है जिसमें अन्य स्थानों से लाकर वन्य प्राणी छोड़े जा रहे हैं, लेकिन यहां अधिकारियों की अनदेखी से कुछ लोग वनों का विनाश करने में जुटे हैं। अधिकारी एसी में आराम फरमा रहे हैं, जबकि जंगलों में वन माफिया सक्रिय है।



### वन्य प्राणियों की सुरक्षा खतरे में

टाइगर रिजर्व (नौरादेही अभयारण्य) में नेचर के हिसाब से वन्य प्राणियों की संख्या बढ़ रही है। लेकिन इनकी सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है क्योंकि टाइगर रिजर्व के अंदर जंगल में अतिक्रमण कर खेती बाड़ी की जा रही है जिससे जाहिर है कि जंगल के अंदर मानव दखल बढने लगा है जिससे वन्यप्राणियों की सुरक्षा खतरे में पड़ती हुई दिखाई दे रही है। वन संपदा के साथ वन्य प्राणियों के लिए भी अब नौरादेही असुरक्षित होता जा रहा है।

### वन भूमि में बढ़ रहा कृषि का रकबा

सूत्रों द्वारा मिली जानकारी अनुसार टाइगर रिजर्व की वन भूमि में लगातार कृषि रकबा बढ़ता जा रहा है। यह रकबा बढ़ता देख आला अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। टाइगर रिजर्व के अंदर घने जंगल में कुछ स्थानों पर वन भूमि के नक्शा और रिकार्ड में भले ही वन भूमि में पेड़, पौधे व वन्य प्राणी दिखाई दे रहे हों, लेकिन जमीनी हकीकत यह हो गई है कि नौरादेही अभयारण्य जैसा क्षेत्र ही अंदर ही अंदर पेड़ विहीन होता जा रहा है।

### आम के आम गुठलियों के दाम

बताया जा रहा है कि टाइगर रिजर्व व नौरादेही अभयारण्य में बड़ी संख्या में सागौन शीशम सहित अन्य प्रजातियों के पेड़ों की अवैध कटाई चौकीदारों और वन अमले की शह पर ही जोरों से कराई जा रही है। इसके बाद अवैध वन कटाई का सबूत न बचे इसके लिए ठूंठ भी अलग कर दिए जाते है वही पेड़ों की अवैध कटाई के बाद खाली जमीन पर कृषि कार्य कराकर वनकर्मी व चौकीदार आम के आम गुठलियों के दाम भी वसूले जा रहे हैं।

### इनका कहना है

इस संबंध में टाइगर रिजर्व के देवरी वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं एन वर्मा ने बताया कि पुरेना बीट मे बरिया के पेड़ के पास कुछ लोगों द्वारा अभ्यारण्य सीमा मे अतिक्रमण की जानकारी दो दिन पहले मिली थी, अमले को भेजकर अतिक्रमण रुकवाया था, अब कहां अतिक्रमण किया गया है। जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी। **एलएन वर्मा, रेंजर नोरादेही देवरी**

---

भगवती मानव कल्याण संगठन ने सौंपा ज्ञापन

# मंजूरी कहीं की, कहीं खोल दी शराब दुकान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा जबेरा के द्वारा जबेरा तहसील कार्यालय में पहुंचकर कलेक्टर के नाम जबेरा नायब तहसीलदार राजेश साहू को ज्ञापन सौंपा है ज्ञापन में बताया जबेरा नगर में दो शराब दुकान खुली हैं जो की मुख्य मार्ग पर है और शराब दुकान के सामने शराबियों का जमावड़ा बना रहता है जिससे कॉलेज एवं स्कूल की छात्र-छात्राएं अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हैं उन्हें कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ सुजान सिंह ने बताया जबेरा के हितरवा नाला पास खोली गई शराब दुकान नियमों के खिलाफ है शराब दुकान की परमिशन जबेरा की है और खोल दी गई है खेरी सिगोरगढ़ पंचायत क्षेत्र में उक्त दोनों शराब दुकान को तत्काल प्रभाव से बंद करने की मांग की है वंही गुबरा मैं मुख्य मार्ग के दोनों तरफ शराब दुकान खोल रखी है जिससे ग्राम वासियों राहगीरों को शराबियों के आतंक से परेशान होना पड़ता है हर रोज लड़ाई झगड़ा गाली गलौज होते हैं । भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने मांग की है जैसे प्रदेश में वन्य जीवों की अभ्यारण बनाए गए हैं उसी तर्ज पर गौ माता के लिए दमोह जिले में खाली पड़ी भूमि पर को अभ्यारण बनाए जाएं जिससे जगह-जगह मारी मारी फिर रही गौ माता को संरक्षण प्राप्त हो सके।

---

# लूट के आरोपियों की जमानत निरस्त

**दमोह।** अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गुप्ता द्वारा लूट करने के आरोप में लगभग डेढ माह से जेल में बंद आरोपियों की जमानत मामले की स्थिति और गंभीरता को देखते हुए निरस्त कर दी, मामले में शासन की ओर से पैरवी शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई। मामला इस प्रकार है, दिनांक 25 अप्रैल 2024 को दोपहर 2 बजे भैयाराम ने अपने मामा के लड़के रामचरण को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सागर नाका शाखा के बैंक लाकर से सोने का रानी हार और बंद गले के हार निकलवाकर दिया, जिसे रामचरण ने अपने बैग में रख मोटरसाइकिल से शुभम के साथ शाम 4 बजे गढ़ाकोटा जाने के लिए निकला। रास्ते में पढ़ने वाले ग्राम कोरासा में शिव जी के मंदिर के पास जब वह पहुंचे, तभी पीछे से एक मोटरसाइकिल पर आरोपी सौरभ सेन (19) पिता अशोक सेन निवासी सिविल वार्ड, यशवर्धन पटेल पिता विजय पटेल (19) निवासी इंदिरा कॉलोनी एवं नितिन उर्फ नित्तू ठाकुर आए और जबरदस्ती बैग छीनकर सागर तरफ भाग गए रामचरण और शुभम ने उन लोगों का पीछा किया परंतु उन्हें पकड़ने में वह नाकामयाब रहे।घटना के संबंध में थाना दमोह देहात में रिपोर्ट की गई। रिपोर्ट होने के पश्चात पुलिस ने दिनांक 24 अप्रैल 2024 को सौरभ और यशवर्धन को गिरफ्तार कर उनके द्वारा लूटा गया सामान जप्त किया। आरोपियों की पहचान शिनाख्ती कार्यवाही में की गई। आरोपियों द्वारा न्यायालय में जमानत मांगे जाने पर तर्कों को सुनने के पश्चात न्यायालय ने जमानत निरस्त करते हुए आदेश में लिखा कि दिनों दिन बढ़ती लूट की घटनाओं एवं उसका समाज पर पड़ने वाले प्रभाव एवं लोगों में बढ़ती असुरक्षा की भावना को देखते हुए आरोपियों को यदि जमानत दी जाती है तो आरोपियों के द्वारा पुनः अपराध कार्य करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। आरोपी 29अप्रैल से जेल में है।

# बेलाताल गहरीकरण का कार्य तीसरे दिन भी लगातार जारी

**दमोह** । जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में बेलाताल की सफाई एवं गहरीकरण का कार्य लगातार जारी है। जिसमें 16 जून को जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठन, आमजनों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग से सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया था, जिसके बाद तीसरे दिन भी गहरीकरण का कार्य लगातार चालू है, जिसमें मशीनों द्वारा तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री कोचर ने आमजनों से आग्रह किया है कि जिसको भी तालाब से गाद, मिट्टी की आवश्यकता है वह निःशुल्क ले जा सकता है और गहरीकरण के कार्य में जो भी सहयोग करना चाहता है वह कर सकता हैं।



# निरंतर मेहनत करें सफलता जरूर मिलेगी- जनपद सीईओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशन में स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में मंगलवार को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा मां सरस्वती वंदना एवं अतिथि स्वागत के साथ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जबेरा जनपद पंचायत सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल ने छात्राओं को सफलता के सूत्र बताते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए निरंतर मेहनत और लगन से किए गए प्रयास की आवश्यकता होती है और जिसने इसे अपना लिया उसकी सफलता निश्चित है। अगर हम प्रथम प्रयास में असफल भी हो जाए तो हमें प्रयास करना नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि असफलता ही हमें और कड़ी मेहनत करने एवं आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि जिले के मुखिया कलेक्टर एवं एसडीम सीईओ यह सब आपके बीच से ही निकाल कर बने हैं और यहां तक आपको भी पहुंचना है इसके लिए संकल्प करें और कड़ी मेहनत करें। इस दौरान जनपद सीईओ डॉ. रामेश्वर पटेल ने छात्राओं को मोटिवेट करते हुए अपने अनुभव सांझा किये और कई जनरल नॉलेज प्रश्न भी पूछे जिनके बारे में जानकर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोग रोमांचित हो उठे। कार्यक्रम में प्राचार्य जेएल प्रधान द्वारा विद्यालय की गतिविधियों एवं शिक्षण कार्य की जानकारी दी गई एवं छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत करते हुए पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक राजेश कुमार जैन द्वारा किया गया एवं विद्यालय अघो संरचना के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सरपंच शिवलाल धुर्वे, वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती विमला धुर्वे, नीलिमा तिवारी, नीतू पुष्पत, शैलेंद्र सेन, भानु प्रताप सिंह, मनसा जैन, आशिका जैन, मानसिंह, रूप सिंह, शैलेश झरिया, सहित अभिभावकगण एवं अनेको छात्राओं की उपस्थिति रही।

---

छात्रों को आधी अधूरी पुस्तकों का किया गया वितरण...

# सीएम राइज में मनाया प्रवेशोत्सव

**हटा।** नाइस शैक्षणिक सत्र की शुरुआत मंगलवार को स्कूल चले हम अभियान के तहत खंड स्तरीय प्रवेशोत्सव नगर के सीएम राइज विद्यालय में विधायक उमादेवी खटीक के मुख्य आतिथ्य व अभिभावकों की उपस्थिति में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर किया गया इसके उपरांत छात्र-छात्राओं पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करते हुए निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण कर उत्साहवर्धन किया एवं छात्र-छात्राओं को नियमित विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया गया। इसी के साथ विधायक द्वारा जल संवर्धन एवं वृक्षारोपण का कार्य करने के लिए छात्रों एवं अभिभावकों को प्रेरित किया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के उपरांत स्कूल के समस्त छात्र-छात्राओं को विशेष भोजन कराया गया। उल्लेखनीय है कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 18 जून मंगलवार से किए जाने हेतु राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा समूचे प्रदेश में किए जाने हेतु विगत माह से तैयारी की जा रही थी लेकिन प्रवेश उत्सव के दिन ही सभी शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को आधी अधूरी पाठ्य पुस्तकों का वितरण कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस संबंध में हटा के प्रभारी बीआरसी एम एल अहिरवार से बात की तो उन्होंने बताया कि हटा विकासखंड में माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय में 20157 छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या के हिसाब से किताबों की डिमांड भेजी गई थी लेकिन लेकिन डिमांड के अनुरूप पाठ्य पुस्तकें नहीं भेजी गई इसलिए विकासखंड के सभी माध्यमिक, प्राथमिक स्कूलों की कक्षाओं में पूरी पाठ्य पुस्तकों का वितरण नहीं हो सका आगामी समय में जैसे ही अन्य पुस्तकें प्राप्त होगी वैसे ही स्कूलों में पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में भोले सराफ, प्रशांत तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीएस राजपूत, प्राचार्य अशोक अग्रवाल, बीआरसी एम एल अहिरवार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों व अभिभावकों की उपस्थिति रही।



# पतलोनी में मनाया प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ़

तेंदूखेड़ा तहसील के ग्राम पतलोनी में पीएम श्री स्कूल में 18 जून 2024 को प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हीरा सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता बेडी सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन बंदना कर शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात शाला प्रबंधन द्वारा उपस्थित जन प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जन प्रतिनिधियों हीरा सिंह ठाकुर, बेडी सिंह, शिवाजी सिंह ठाकुर, साहब सिंह ठाकुर, अमोल सिंह ठाकुर, विद्यालय प्राचार्य जे एल अहिरवाल, पूर्व प्रभारी प्राचार्य के एल चौकसे, पी एस मरावी, जसवंत सिंह ठाकुर, बाबू लाल अहिरवार, शिवराज सिंह ठाकुर, लाल सिंह यादव, विजय सिंह ठाकुर, शिक्षकों ने उपस्थित जन प्रतिनिधियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा उद्बबोधन देते हुए पी एम श्री स्कूल योजना की अवधारणा एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संबंध में बताया। वहीं पूर्व प्राचार्य के,एल चौकसे ने शत प्रतिशत बच्चों के नामांकन एवं उपस्थिति बढाने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन अनिल श्रीवास्तव एवं राहुल जैन ने किया। प्रसाद वितरण के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।

---

# सरकारी कार्यालय समय पर नहीं खुलते तो हेल्पलाइन नम्बर पर दें सूचना-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा है जो खास सरकारी कार्यालय है जिसमें आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल, राशन की दुकान और स्कूल इन से संबंधित कई बार लोगों से शिकायतें आती हैं कि यह समय पर नहीं खुलते हैं और यहां पर जो संबंधित जिम्मेदार लोग हैं वह अनुपस्थित रहते हैं। इसका एक टाइम टेबल हम आप सभी के लिए डाल रहे हैं, यदि आपको कहीं जानकारी प्राप्त होती है कि यह समय पर नहीं खुल रहे हैं या इसमें संबंधित जिम्मेदार व्यक्ति जिन्हें आना चाहिए, वे नहीं आ रहे हैं तो दमोह हेल्पलाइन नंबर 07812-350300 पर बताइए ताकि हम इसका निरीक्षण कर सके और इसकी जांच करके ऐसे दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकें, ताकि जो हमारे स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ियां, स्कूल और राशन की दुकाने है वे जनता को वे सेवाएं दे सकें जिनके लिए उन्हें बनाया गया है। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी से आग्रह करते हुए कहा यदि कोई स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र और राशन की दुकान बिल्कुल समय पर खुलते है तो उनके बारे में भी हमें बताएं ताकि हम ऐसे कर्तव्यनिष्ठ और समर्पित अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित कर सके, उनको रिकॉग्नाइज कर सकें। इसके अलावा शराब की दुकानों के बारे में भी डालेंगे की कितने बजे वे बंद हो जाना चाहिए, ताकि उस समय के बाद यदि आपको कोई शराब की दुकान चलते हुए मिलती है, तो हमें अवश्य बताएं, हम ऐसे प्रकरणों में आवश्यक रूप से कार्रवाई करेंगे। यह भी हम जल्दी ही सोशल मीडिया पर आपको डालने जा रहे हैं।

# शाला में प्रवेश उत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन

मंगलवार 18 जून को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलौन एवं पुरा बैरागढ़ में मां सरस्वती के चित्र पर फूल माल्यार्पण कर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में हाई सेकेंडरी स्कूल पुरा में तेजगढ़ मंडल अध्यक्ष भारत सिंह लोधी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक झलोन में प्राचार्य अशोक साहू ने बच्चो को उद्बोधन दिए एवं बच्चों को नए सत्र की उज्जवल भविष्य की कामना की एवं पुस्तक वितरण भी कराई। मुख्य अतिथि भारत सिंह लोधी, मंडल अध्यक्ष चक्रेश जैन, सरपंच प्रतिनिधि मुकेश जैन, मीडिया प्रभारी दुर्जन सिंह लोधी, देवेंद्र जैन एवं शिक्षक गण अशोक साहू, प्रिंसिपल प्राचार्य अनरथ सीग, जितेंद्र जैन, राजेश जैन, प्रेम सिंह, श्रीमती लक्ष्मी रैकवार, पुरा स्कूल से राजकुमार अहिरवार, इन्दुर अहिरवार, कपिल साहू, पदम सिंह, गणेश अहिरवार, डाल सिंह ठाकुर, मिथिलेश यादव, खूबचंद पटेल, सुकमन बाई मेहरा योगदान रहा।

# शालाओं में समरोहपूर्वक मनाया प्रवेशोत्सव

### 18 वर्ष तक सभी बच्चों को अनिवार्य शिक्षा का कानून देश मे बनाया जाये- सुजात खान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

स्थानीय शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिण्डोरिया में मंगलवार को वर्ष 2024-25 में शाला में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का समारोह पूर्वक स्वागत करते हुए उन्हें स्कूल चले हम-प्रेवेशोत्सव अभियान के तहत शाला में प्रवेश दिया गया। इस दौरान शास. बालक उच्च. माध्य. शाला मे प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार गर्ग के अलावा बतौर अतिथि सुधांशु चौबे, सुजात खान, संदीप जोशी एवं संचालनकर्ता दिलीप जोशी मौजूद रहे। वहीं शास. कन्या उच्च. माध्य. शाला मे प्रभारी प्राचार्य रमेश कुमार अहिरवार के अलावा बतौर अतिथि हलकू सिंह, समाजसेवी सुजात खान, पार्षद प्रतिनिधि शेख असीम, संदीप बौद्ध मौजूद रहे। मंच संचालन शिक्षक आनन्द मोदी व्दारा किया गया। इस अवसर पर शास. कन्या शाला के कक्षा 10 एवं 12 वी बोर्ड की परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्रेया ताम्रकार, श्वेता साहू, प्रतिभा तिवारी, इत्यादि छात्राओं को मेडल देकर मंच से सम्मानित भी किया गया। दोनों स्कूलों में शाला मे प्रवेश लेने वाले छात्र- छात्राओं को पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य रमेश अहिरवार एवं प्राचार्य अनिल गर्ग ने कक्षा 01 से कक्षा 12 वी तक के नव-प्रवेशित विदयार्थियों को स्कूल शिक्षा म. प्र.शासन व्दारा छात्रों को शालाओं मे दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं जैसे निः शुल्क पाठय पुस्तकों, गणवेश, छात्रवृत्तियों, मध्याह्न भोजन, साईकिल वितरण, खेलकूद की सभी गतिविधियों , सामग्रियों, व्यवसायिक पाठयक्रमों के संचालन आदि से भी अवगत कराया। इस मौके पर संकल्प समाजसेवी संस्था के कार्यकर्ता एवं कार्यक्रम के अतिथि सुजात खान ने बाल विवाह एवं बाल तस्करी जैसी सामाजिक कुरीतियों के बारे मे विस्तार से बताया एवं देश मे सभी बच्चों के लिये 18 वर्ष तक अनिवार्य शिक्षा का कानून बनाकर उसे लागू करने की बात अपने उदबोधन मे कही। अतिथि सुधांशु चौबे एवं संदीप जोशी ने आधुनिक तकनीक का उपयोग अपने जीवन को सरल बनाने हेतू करने, समय के साथ बदलते परिवेश से सामंजस्य बैठाने की बात उन्होंने छात्रों से कही। कार्यक्रम के अंत मे आभार प्रदर्शन शिक्षक रामकुमार चौरसिया एवं दिलीप जोशी व्दारा किया गया। इस मौके पर दोनों ही शालाओं के अनेकानेक छात्र, शिक्षक-शिक्षिका एवं बच्चों के पालक-अभिभावक मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### पक्के अवैध अतिक्रमण को हटाया गया

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कोचर के निर्देशन में न्यायालय तहसीलदार दमयंती नगर के राजस्व प्रकरण बेदखली आदेश के परिपालन में आज कुलुआ उर्फ और मारूताल स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 50/3 के अंश भाग रकवा 1000 वर्ग फुट पर कार्तिक राठौर पिता यशवंत द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया गया था। पक्के अवैध अतिक्रमण को आज तहसीलदार मोहित जैन, राजस्व निरीक्षक गौरी शंकर अहिरवार, हल्का पटवारी किशोर यादव, वीर विक्रम सिंह एवं पुलिस और नगर पालिका की टीम द्वारा जेसीबी के माध्यम से हटा दिया गया है। अतिक्रमित भूमि की बाजारू कीमत लगभग 20 लाख रुपए है।

### जिला फुटबाल संघ की वार्षिक बैठक संपन्न

**दमोह।** जिला फुटबाल संघ की वार्षिक बैठक रामकुमार शाला परिसर मे हरिशंकर यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। संयोजक विकास जैन के अनुसार वर्ष 22-23 का आय व्यय पर चर्चा हुई एवं वर्ष 23-24 के अनुमानित आय व्यय पर विचार किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता जुलाई से सितम्बर में कराने का निर्णय हुआ। खिलाडियो के पंजीयन को गंभीरता से लेते हुए मध्य प्रदेश फुटबाल संघ के दिशा निर्देश अनुसार किये जाने का निर्णय लिया। मध्य प्रदेश फुटबाल संघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओ मे टीम को भेजने का संकल्प हुआ। दमोह जिले के खिलाडी बिना पंजीयन के किसी भी प्रतियोगिता मे भाग नही ले पायगे। बैठक मे राजेश सालोमन, भगवान सिंह, विजय कफील, आरिफ उमेश यादव, फैयाज, राजेन्द्र, वी डी शर्मा, तरूण, असार, विवियन इमरान, ललित नायक उपस्थित रहे। हरिशंकर यादव ने अपने उदबोधन मे सदस्य से कहा कि हर संभव प्रयास कर फुटबाल को आगे बढाने का प्रयास किए जाए। आभार असार जी ने माना।

### जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक आज

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में जिला रोगी कल्याण समिति (कार्यकारिणी सभा) की बैठक आज 19 जून को जिला चिकित्सालय दमोह के सभाकक्ष में शाम 06 बजे से आयोजित गई है।

स्कूल चलें हम अभियान में जनप्रतिनिधियों ने निभाई सहभागिता, पाठ्य पुस्तकें की वितरित

# तिलक लगाकर कराया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



स्कूल चले अभियान आज पूरे प्रदेश में 18 जून से 20 जून तक चलाया जा रहा है। सरकार की मंशा साफ है की कोई भी ऐसा बच्चा ना बचे जो स्कूल ना जा पाए, उनको किसी भी प्रकार से स्कूल लाने का काम किया जाए। जैसा अभी 6 से 7 बच्चे जो पन्नी बीनने वाले परिवार के बच्चे हैं, उन्हें विद्यालय में प्रवेश कराया गया है। सी.एम. राइज स्कूल की अवधारणा यह है कि एक-एक विकासखंड में एक या दो सी.एम. राइज स्कूल खुलें और उसके आसपास के जितने स्कूल है, उन स्कूलों को इसमें मर्ज करना और जिस गांव से विद्यार्थी स्कूल आयेगा उस गांव तक उसे बस के माध्यम से लाया ले जाया जाये। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने स्कूल चलें हम अभियान के तहत आज सी.एम. राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी एवं पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया, नरेन्द्र बजाज, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा खासतौर पर मौजूद थे। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा सीएम राईज स्कूल ऐसी जगह पर स्कूल खुले जहां सारे खेलों की सुविधा हो, लाइब्रेरी की सुविधा हो, इंटरनेट की सुविधा हो और उसे एक ऐसे लेवल का बनाना जो प्राइवेट स्कूल से भी बेहतर हो। जिले में अंग्रेजों और कांग्रेस शासन से 2003 तक कितने स्कूल बने यह जानकारी मैं आपके सामने लाना चाहता हूं जिससे आपको पता चले कि सरकार कितना काम कर रही है। 2003 तक जिले में हायर स्कूल में कुल 28 स्कूल थे और 12 हायर सेकेंडरी स्कूल थे, कुल मिलाकर 40 स्कूल थे। 2003 से लेकर आज तक 128 हाई स्कूल है और हायर सेकेंडरी स्कूल 40 हो गए हैं। हम चाहते हैं और अच्छी पढ़ाई हो। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा मध्य प्रदेश शासन की योजना स्कूल चलो अभियान का उद्देश्य यह है की सभी शिक्षित बने अच्छे से पढ़ें, पढ़कर एक नया राष्ट्र गणे, इस संकल्प को पूरा करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया ने स्कूल चलें हम अभियान कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देते हुए कहा सभी छात्र-छात्राएं खूब पढ़े-लिखे, खूब खेलें, माता-पिता अपने बच्चों का सर्वांगीण विकास करें, जिससे बच्चे आगे चलकर कुछ बनें, उन्हें अपने ऊपर गर्व होना चाहिये, परिवार को गौरवान्वित होने का मौका मिले और ऐसे भी विद्यार्थी आगे निकलें जिनके ऊपर पूरा मध्य प्रदेश नाज कर सके। उन्होंने कहा विद्यार्थियों के लिए जो कुछ भी बन सकेगा हम सभी मिलकर करेंगे, हमने कुछ बातें तय की है वह आगे जाकर करेंगे। उन्होंने कहा सभी बच्चों की काउंसलिंग होना जरूरी है, खास तौर से 9 वीं, 10 वीं और 11वीं के जो विद्यार्थी हैं उनकी काउंसलिंग के लिए उन्हें बुलाएं, वे किस परिवार से हैं, उनके परिवार की क्या क्षमता है, विद्यार्थी क्या बनना चाहते हैं, क्या करना चाहते हैं और उसके हिसाब से उनका विकास करने का मौका मिल सके।

इस दौरान पर जिला शिक्षा अधिकारी एस.के.नेमा, सी.एम. राइज स्कूल के प्राचार्य आर.पी. कुर्मी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। विद्यालय की उपलब्धियां और सफलताओं के प्रतिवेदन का वाचन प्राचार्य आरपी कुर्मी द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रयोगशाला, पुस्तकालय, जैविक खाद, अपशिष्ट प्रबंधन की प्रशंसा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अतिथियों द्वारा की गई और पुस्तक वितरण के साथ मध्यान्ह भोजन में भी अतिथि सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की मूर्ति पर मल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। छात्र-छात्राओं के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर पुस्तकों का वितरण किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों के अभिभावकों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ.आलोक सोनवलकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर यशपाल ठाकुर, कपिल सोनी, डीपीसी मुकेश द्विवेदी, डाइट हटा प्रचार्य एस के मिश्रा, बीआरसीसी ललित रैकवार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बाई.के. कोरी, पूर्व डीपीसी राजेंद्र पटेल उपस्थित रहे।

ग्रामीणों की सुनी बिजली पानी सड़क की समस्याएं...

# वनांचल गांव बोदा मानगढ़ में कलेक्टर ने लगाई चौपाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिग्रामपुर

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर मंगलवार की सुबह सुबह जिले की अंतिम सीमा में बसे आदिवासी बाहुल्य जबेरा ब्लाक के सुदूर वनांचल के गांव बोदा मानगढ़ पहुंचकर वनांचल के लोगों का हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनसे चर्चा कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली, जिससे विशेष रूप पहुच मार्ग बोदा मानगढ से पटी मानगढ़ को जोड़ने वाली दुर्गम बोदा मानगढ़ घाटी पर सड़क निर्माण के लिए आर ई एस विभाग एसडीओ शिवा जी को स्टीमेट बनाकर फारेस्ट की एनओसी के लिए जरूरी कार्यवाही पूर्ण कर जिला कार्यालय प्रेषित करने को कहा गया। ग्रामीणों ने बताया की दुर्गम घाटी की वजह से गांव तक वाहन नहीं पहुंच पाते हैं जिसकी वजह स्वास्थ्य सुविधाओं तक से ग्रामीण वंचित हैं इसलिए मार्ग निर्माण अति शीघ्र करवाने की मांग है।

### दो तालाबों की मरम्मत की मांग

बोदा मानगढ़ में दो तालाब वर्षों से क्षतिग्रस्त है तालाबों की मरम्मत का मांगपत्र ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिया है। जिसमें ग्रामीणों ने बताया वर्ष 2001 फॉरेस्ट विभाग के द्वारा एक तालाब का निर्माण किया गया था। जिसका बेस्ट बीयर निर्माण काल से खराब पड़ा है और तालाब में बारिश का पानी नहीं रुक पाता है। उसी के ऊपर 3 वर्ष पहले ग्राम पंचायत के द्वारा दूसरा तालाब निर्माण करवाया गया था। जिसकी नीव पिचिंग मजबूत नहीं होने से तालाब में पानी के रिसाव समस्या से वारिश का पानी नहीं रुकता है। जहां हर घर नल से जल के माध्यम से पेयजल पहुंचाने की योजना के तहत ग्रामीणों का पेयजल संकट तो कुछ हद तक दूर हो गया। लेकिन ग्राम में निस्तार व मवेशियों वन्यजीवों के लिए पीने के पानी विकराल संकट बना रहता हैं जिसके लिए निराकरण के जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नवीन तालाब निर्माण की मांग की है।

### तालाब निर्माण के लिए तीन वर्ष से नही मिली वन विभाग की एनओसी

बोदा मानगढ़ के जमुन्हा खड्डू नाला पर नवीन तालाब निर्माण तीन वर्ष प्रस्तावित जिसकी फाइल एनओसी के लिए वन विभाग के पास लंबित है। लेकिन एनओसी नहीं मिलने की वजह से नवीन तालाब निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। रतन सिंह गौड़ सरपंच ने ट्रांसफार्मर खराब होने की आवेदन दिया। सरपंच ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीणों को विद्युत की समस्या हो रही है। वहीं दूसरी और मानगढ़ सगोड़ी के बीच ट्रांसफार्मर के लिए गई 33 केवी विद्युत लाइन सड़क पर लटकी हुई है जिससे बड़े वाहन नहीं निकल पाते है। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार राजेश साहू को निर्देशित किया। विद्युत विभाग के अधिकारी को तत्काल ठीक करने के निर्देश दें और तीन दिन के अंदर खराब विद्युत ट्रांसफार्मर को ठीक करते हुए सड़क पर लट की बिजली लाइन को दुरुस्त किया जाए। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों को गंभीरता पूर्वक सुनी और निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। इस दौरान जंप सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल, नायब तहसीलदार राजेश साहू, आर ई एस एसडीओ शिवा जी, पंचायत इंस्पेक्टर निरपत सिंह, सरपंच रतन सिंह, सचिव सुरेंद्र सिंह राजपूत विभागीय अधिकारी कर्मचारी ग्राम वासियों की मौजूदगी रही।

## व्यारमा नदी किनारे कपड़े धोने गए मासूम पर मगरमच्छ ने किया हमला

**तेंदूखेड़ा।** सोमवार की दोपहर 2 बजे एक मगरमच्छ द्वारा 12 वर्षीय युवक पर नदी किनारे हमला कर घायल कर देने का घटनाक्रम सामने आया है जहा युवक का इलाज जिला अस्पताल दमोह में चल रहा है प्राप्त जानकारी अनुसार तेजगढ़ थाना क्षेत्र की इमलिया चौंकी अंतर्गत कपड़े धोने गए 12 वर्षीय मासूम को व्यारमा नदी किनारे मगरमच्छ ने हमला कर दिया. जिससे मासूम को हाथ, पैर और अन्य जगह अटैक कर घायल कर देने पर इलाज के लिए इमलिया के उप स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां युवक की हालत गंभीर होने पर 108 की मदद से दमोह जिला अस्पताल में भेजा गया प्राप्त जानकारी के अनुसार धमारा, इमलिया चौकी थाना तेजगढ़ निवासी मुरारी रैकवार ने बताया कि पुत्र कपड़ा धोने कुलुआ दिनारी से निकली व्यारमा नदी किनारे गया था, तभी नदी से अचानक आए मगरमच्छ ने हमला कर दिया. जिससे पुत्र आकाश रैकवार उम्र 12 वर्ष को हाथ, पैर और अन्य जगह हमला करने पर बुरी तरह से घायल हो गया है. जिसे इलाज के लिए इमलिया से दमोह जिला अस्पताल के वार्ड में भर्ती किया गया है, जिसका इलाज जारी है. वहीं घटना की जानकारी वन विभाग को मिलने पर तत्काल दमोह वन मंडल अधिकारी महेंद्र सिंह उईके व दमोह रैंजर विक्रम चौधरी के निर्देशन में वनरक्षक आशीष श्रीवास्तव ने घटनास्थल और जिला अस्पताल पहुंचकर घायल मासूम को भर्ती कराया और 1 हजार रुपए की नगद राशि देकर तत्काल सहयोग किया।

### भक्ति में परमार्थ आना चाहिए - मुनि श्री सुधा सागर जी

**पथरिया।** भक्ति में परमार्थ आना चाहिए तभी भक्ति सार्थक होती है। धन दौलत के लिए भक्ति नहीं करना क्योंकि यह किसी के सगे नहीं होते। हम भक्ति करते रहे। मगर भगवान नहीं वन पाये। यह उद्बोधन निर्यापक श्रमण मुनि पुंगवश्री सुधा सागर जी मुनि महाराज ने अतिशय क्षेत्र श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर जी में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहे। मुनिश्री ने कहा कि बिना गिरे उंचाई पर नहीं पहुंच सकते। इसलिए सीनियर के साथ जूनियर बनकर रहे। कुछ पाने के लिए नीचे झुकना पड़ता हैं। वात्सल्य व भक्ति से जो हारता है। वहीं प्रभु को जीतता है और जो केवल जीतने की इच्छा रखता है वह हमेशा हार जाता है। जैन धर्म का प्रारंभ विनय से होता है और विनय ही मोक्ष का द्वार है। यह और भक्ति जो हारता है। वहीं प्रभु को जीतता है।

## सप्ताह में दो दिन ग्राम पंचायत में बैठने के निर्देश, पर नहीं पहुंच रहे पटवारी

**जबेरा।** क्षेत्र के किसानों को मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी पटवारियों के घरों के चक्कर लगाने पड़ रहे है जबकि जबेरा तहसील अधिकांश पटवारी तो मुख्यालय पर भी नहीं रहते हैं। हल्का मुख्यालय ग्राम में पटवारी नहीं जा रहे हैं। ऐसे में किसानों को अपने खेती बाड़ी के काम छोड़ नोहटा जबेरा कलहरा स्थित पटवारियों के किराए के क्वार्टर की परिक्रमा लगानी पड़ती है। छोटे-छोटे कार्य के लिए किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम सुराज अभियान के तहत किसानों की मांग पर ग्राम में ही पटवारियों की सुविधा देने की घोषणा की थी। इसी क्रम में पटवारियों को सप्ताह में 2 दिन ग्राम पंचायत मुख्यालय में बैठने का आदेश जारी किया गया। पटवारियों के कार्यालय के लिए भवन उपलब्ध कराने के आदेश पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास द्वारा सभी पंचायत सचिवों को पत्र जारी कर भवन दिलाने को कहा गया। निर्देशानुसार सोमवार व मंगलवार को हल्का मुख्यालय के ग्राम में राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना है। इसके बावजूद पटवारी अपने मुख्यालय तक में नियमित नहीं बैठ रहे हैं, हेमराज धुर्वे बताते है छोटे-छोटे कार्यों के लिए ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं राजस्व विभाग के अधिकारी सब जानते हुए भी मौन धारण किए हुए हैं। यद्यपि प्रतिदिन ब्लॉक मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय मे दर्जनों ग्रामीण किसान पटवारियों का पता पूछते दिख रहे हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि पटवारी पंचायतों में हर सप्ताह बैठ रहे हैं या नहीं, इसके बारे में विभागीय अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। यही नहीं शासन के निर्देशों का अनुपालन कराने निरीक्षण भी नहीं किया जा रहा है। बनवार घटेरा लारगुंवा पटना रोड़ विजयसागर मुड़ेरी सुरई चौपरा बम्होरी मोसीपुरा ग्राम पंचायत मुंडेरी सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश धुर्वे,उपसरपंच गौरी शंकर मेहरा , हेमराज धुर्वे,बताते है। ग्राम पंचायत में पटवारियों के नहीं आने से ग्रामीण किसान भटकने को मजबूर हैं। वहीं शासन-प्रशासन के आदेश के बावजूद पटवारी अपनी मर्जी चला रहे हैं। नायब तहसीलदार राजेश साहू का कहना है आज पीएम सम्मान निधि 17वी किस्त जारी होना है। आज सभी पटवारी को पंचायत मुख्यालय में भेजा गया था लेकिन पटवारी पंचायत मुख्यालय नहीं पहुंचे है या मुख्यालय में नहीं रहते हैं तो मैं दिखवाता हूं।

# प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में बच्चों को वितरित की पुस्तके

पटेरा में उत्साह से हुये प्रवेशोत्सव के आयोजन, तिलक वंदन कर कराया प्रवेश, उज्जवल भविष्य के लिये दी शुभकामनायें



हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेरा

शास उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा में भी स्कूल चलें हम अभियान 2024 के अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11 बजे से किया गया। इस कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों / गणमान्य नागरिकों द्वारा सर्वप्रथम माँ सरस्वती का पूजन विधि विधान पूर्वक दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य जे.एस. अहिरवाल के द्वारा ज.प.अध्यक्ष प्रतिनिधि बसोरी लाल आदिवासी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती कमलरानी अहिरवाल, पूर्व ज.प. अध्यक्ष बद्री पटेल , पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शंकर लाल तंतुवाय, नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, हरिभूमि ब्यूरो चीफ नरेन्द्र बजाज, नगर परिषद पार्षद अमर सींग, उपाध्यक्ष लोधी पुष्पेन्द्र सोनी, श्रीमती सरस्वती चौरसिया, श्रीमती नीतू उपाध्याय पूर्व उपाध्यक्ष, श्रीमती सावित्री उपाध्याय, पूर्व पार्षद हरप्रसाद चौरसिया सहित नगर के गणमान्य नागरिक - पवन पालीवाल एवं मुन्ना अवधिया का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के विखं-शिक्षा अधिकारी एस.के.अग्रवाल की गरिमामयी उपास्थिति रही जिनका स्वागत किया गया। विद्यालय के अन्य शिक्षक / शिक्षिकाओं श्रीमती वंदना भोज, नीरज खरे श्रीमती दिव्या सोनी, प्रीतम लाल कोष्टी, कमलेश सेन, ज्ञानी प्रसाद अहिरवाल, मुंशीलाल सैयाम एवं अन्य स्थफ के द्वारा कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन- नीरज खरे के द्वारा किया गया। उपस्थित महानुभावों में से बद्री पटेल एवं नरेन्द्र बजाज के द्वारा उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम के समापन पर शाला के प्राचार्य के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

### कन्या शाला में हुआ प्रवेशोत्सव का आयोजन



शासकीय कन्या हाई स्कूल पटेरा में शासन के निर्देशानुसार दिनांक 18 जून 2024 को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें संस्था द्वारा ग्राम के गणमान्य नागरिकों,अतिथियों एवं अभिभावकों को आमंत्रित किया गया । इस अवसर पर हरिभूमि व्यूरो चीफ नरेंद्र बजाज एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार अतिथि के रूप में शामिल हुये। विद्यालय में मां सरस्वती पूजन ,वंदना स्वागत के बाद बालिकाओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। प्राचार्य सुरेन्द्र कटहरे ने प्रवेशोत्सव का महत्व बताते हुए बालिकाओं को मिष्ठान का वितरण किया । सभी बालिकाओं को स्वा सहायता समूह के माध्यम से विशेष भोज का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक श प्रमोद परौहा , नरेंद्र पटेल, प्रदीप सोनी, श्रीमती नीलम जैन, श्रीमती मीरा तंतुवाय, श्रीमती निशा परौहा, श्रीमती रश्मि तंतुवाय की उपस्थिति रही । कार्यक्रम में श्री संदीप नामदेव एवं अखिलेश सेन का विशेष सहयोग रहा ।

### सीएम राईज स्कूल पटेरा में हुआ प्रवेशोत्सव



**पटेरा।** सीएम राइज स्कूल पटेरा मे शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया. जिसमे नगर के गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति के साथ साथ अभिभावकों, स्कूल के बच्चों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के आरम्भ मे माँ सरस्वती के पूजन के बाद अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों जनप्रतिनिधियों व अतिथियों का स्वागत किया गया। सभी जनप्रतिनिधि व अभिभावकों ने मॉडल स्कूल के बच्चों की पिछले वर्षो की उपलब्धियों और गतिविधियों की सराहना करते हुए भविष्य मे बच्चों से उच्चतम स्थान प्राप्त करने की बात कही। अतिथियों के उद्बोधन के बाद बच्चों को नई क्लास की पुस्तकें वितरित की गई। प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों मे हर्षल्लास देखा गया। कार्यक्रम का मंच संचालन कमलेश शर्मा एवं बादशाह खान द्वारा किया गया। और आभार प्रदर्शन प्राचार्य श्री विवेक नेमा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के बाद अतिथियों को जलपान ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम मे नगर परिषद पटेरा की अध्यक्ष श्रीमती कमलरानी, उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार छुट्टू, पुष्पेंद्र सोनी पार्षद, नरेंद्र बजाज ब्यूरो चीफ हरिभूमि,हरप्रसाद चौरसिया, सरस्वती चौरसिया पार्षद , सावित्री उपाध्याय, नीतू उपाध्याय पार्षद, अमर सिंह लोधी पार्षद , शंकर तंतुवाय, मुन्ना अवधीया, संस्था प्राचार्य विवेक नेमा, कमलेश शर्मा, कविता क्रोसिया,एवं समस्त शिक्षक स्टॉफ की उपस्थिति रही।

## मोक्ष मार्ग में भी कर्मों का आश्रव निरंतर होता रहता है: आचार्य श्री समयसागर जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डलपुर



सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा शरीर में कर्म के उदय से व्याधि आ जाती है और इसका निष्कासन औषधि उपचार आदि माध्यम से हो जाता है। महत्वपूर्ण यह है बहुत जल्दी वह रोग से मुक्त हो सकता है। रोग आया है किस द्वार से आया है इसका परीक्षण करना है। यह तो बार-बार व्याधि होती है और औषधि दवाई लेते चले जाते हैं किंतु रोग का निष्कासन इसलिए नहीं होता जिस द्वार से रोग का प्रवेश हो रहा है वह द्वार बंद नहीं कर पा रहे। दवाई बिल्कुल अच्छी क्वालिटी की दवाई है डॉक्टर भी अच्छा है दवाई रामबाण है । पथ्य का पालन भी होना भी उसके साथ आवश्यक है। परहेज नहीं रखेंगे तो रोग बढ़ेगा। औषधि के द्वारा रोग बढ़ रहा है ऐसा नहीं है। आहार के द्वारा रोग आया है आहार के अलावा और बहुत सारे निमित्त हो सकते हैं। निमित्तों की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। उसी प्रकार मोक्ष मार्ग में भी कर्मों का आश्रव निरंतर होता रहता है।किंतु वह आश्रव अपने आप आश्रव नहीं होता अपने आप वंध नहीं होता फिर आश्रव निरोधा संवर सूत्र बनाने की क्या आवश्यकता है। किंतु ऐसा नहीं है आश्रव होता है वह बुद्धि पूर्वक भी होता है और अबुद्धि पूर्वक भी आश्रव होता है ।अबुद्धि पूर्वक जो आश्रव है उसको रोकने का प्रावधान अलग है। उसको पुरुषार्थ के माध्यम से नहीं रोका जाता। वह ऑटोमेटिक रुक जाता है। कब रुकता है कहां रुकता है इसकी चर्चा बाद में करेंगे ।अभी बुद्धि पूर्वक जो आश्रव अथवा बंध हो रहा है उसको रोकना है। बिना हेतु संभव नहीं है। बिना हेतु के बध हो जाय आचार्य उमा स्वामी सूत्र दे रहे हैं मिथ्या तृष्णा --कषाय योगा वंध हेतवा -स्पष्ट हुआ बिना कारण के बंध होता नहीं।पहले कारण की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। तो शुभ और अशुभ का आश्रव होता है। अथवा पुण्य और पाप का आश्रव होता है तो उसके लिए मन वचन काय की कुछ ऐसी चेष्टाएं हैं जिन चेष्टाओं के माध्यम से पाप का आश्रव होता है और ठीक इसके विपरीत कुछ आत्मगत परिणाम होते जिनके फल स्वरुप पुण्य का भी आश्रव होता है तो क्रम है गुरुदेव का कहना है कर्म का जो आश्रव होता है उसकी निर्जरा करनी है पाप कर्म की निर्जरा और पुण्य कर्म की निर्जरा इसमें क्रम है। पाप पहले मिटता है पाप प्रथम मिटता। पाप का वंध हुआ है तो पहले पाप का क्षय होगा। फिर बाद में पुण्य का क्षय होगा। मोक्ष मार्ग में पुण्य बाधक नहीं है कुछ लोगों की धारणा हो सकती है। स्वाध्यायशील होते हुए अनभिज्ञ रहे हैं। उन्हें ज्ञात कर लेना चाहिए पाप का क्षय और पुण्य का क्षय करना है। यह दोनों समान है। आगम ग्रन्थो मं कुंदकुंद देव ने कहा है चाहे लोहे की बेड़ी हो चाहे स्वर्ण की बेड़ी हो बेड़ी तो बेड़ी है। बंधन तो बंधन है बंधन किसको ईष्ट है। संसार से मुक्त होना चाहता है संसारी प्राणी हम बंधन से मुक्त होना चाहते हैं महाराज। चाहे पाप हो चाहे पुण्य हो दोनों को एक तराजू में तोल लेते हैं और ठीक नहीं माना जाता। पुण्य और पाप दोनों बेड़ी तो हैं जो संसार में प्रवेश कराता वह सुशील कैसे हो सकता। यह कहा कुंदकुंद स्वामी ने।